2020

HINDI

(Major)

Paper : 6.1

(Pashchatya Kavyashastra)

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×7=7

(क) 'द रिपब्लिक' किनके द्वारा रचित ग्रंथ है?

(ख) अरस्तू के गुरु का नाम क्या है?

(ग) 'लाइव्स ऑफ द पोएट्स' के रचनाकार कौन हैं?

(घ) 'आइडियेलिज़्म' के लिए हिन्दी में किस शब्द का प्रयोग होता है?

(ङ) मैथ्यू आर्नल्ड कृत किसी एक ग्रंथ का नाम लिखिए।

(च) विलियम वड्र्सवर्थ का जन्म कब हुआ था?

(छ) रोमैन्टिक साहित्य चिन्तन-धारा का सर्वाधिक प्रभाव हिन्दी के किस युग पर पड़ा?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अत्यंत संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) अरस्तू द्वारा रचित काव्यशास्त्र संबंधी पुस्तक का नाम लिखिए। यह पुस्तक कुल कितने अध्यायों में विभाजित है?

(ख) यथार्थवाद का शाब्दिक अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(ग) किन्हीं दो आस्तिक अस्तित्ववादी चिंतकों के नाम लिखिए।

(घ) दास-प्रथा से मुक्ति का 'प्रथम घोषणा-पत्र' किस कृति को कहा जाता है? इसका कोई एक कारण बताइए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 3×5=15

(क) प्लेटो के दैवी प्रेरणा सिद्धांत पर प्रकाश डालिए।

(ख) डॉ॰ सैमुअल जॉनसन की काव्य-दृष्टि को रेखांकित कीजिए।

(ग) मैथ्यू आर्नल्ड के आलोचक और आलोचना संबंधी विचारों को संक्षेप में लिखिए।

(घ) स्वच्छंदतावादी काव्य की मुख्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ङ) रिचर्ड्स के 'लय और छंद' संबंधी विचारों को संक्षेप में लिखिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) अरस्तू के 'विरेचन सिद्धांत' की विवेचना कीजिए।

अथवा

रिचर्ड्स के काव्य एवं कल्पना संबंधी विचारों को व्यक्त कीजिए।

(ख) विलियम वर्ड्सवर्थ के 'काव्य-प्रयोजन' संबंधी विचारों का आकलन कीजिए।

अथवा

रिचर्ड्स के 'कला और नीति' संबंधी विचारों का विश्लेषण कीजिए।

(ग) 'स्वच्छंदतावाद' **अथवा** 'अस्तित्ववाद' पर एक सारगर्भित लेख लिखिए।

★★★